आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

03.07.2024 समय : 1850

- सांसद बिष्णु पद रे ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में बंदरगाहों की खराब स्थिति से पोत, जहाज़रानी और जलमार्ग मंत्री सर्वानन्द सोनोवाल का ध्यान आकर्षित किया है।

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में तीन नए आपराधिक कानून लागू होने के बाद ज़ीरो एफ आई आर दर्ज किया गया है।

- राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल ने शैक्षणिक वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए राष्ट्रीय साधन–सह–मेधा छात्रवृत्ति के लिए पंजीकरण विंडो की शुरूआत की है।

- भारत का पहला सौर अभियान आदित्य–एल–1 अंतरिक्षयान सूर्य–पृथ्वी एल–1 प्वाइंट में अपनी पहली प्रभामंडल कक्षा की परिक्रमा पूरी कर चुका है।

- अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन राज्य चेस चैम्पियनशिप का आयोजन करेगा।

<><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में बंदरगाहों की खराब स्थिति से पोत, जहाज़रानी और जलमार्ग मंत्री सर्वानन्द सोनोवाल का ध्यान आकर्षित करते हुए इसमें तुरंत कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। अपने पत्र में सांसद ने कहा कि पिछले दो वर्षों से पोत के लिए टगबोट उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा बीते एक वर्ष से पोत के लिए पायलेट भी नहीं है। पिछले तीन दशकों से कोई नई जेट्टी का निर्माण नहीं हुआ है, जबकि यात्रियों और मालवाहक जहाजों की संख्या में वृद्धि हुई है। पोर्ट ब्लेयर बंदरगाह और अंतरद्वीपीय बंदरगाहों पर उचित मात्रा में माल ढोने के उपकरण विशेषकर कन्टेनरों के लिए ये सुविधा नहीं है। पिछले पांच वर्षों के दौरान जेट्टियों और कन्टेनर यार्ड का रखरखाव नहीं किया गया है। बंदरगाहों पर अब भी काम हाथों से किया जाता है, जबकि सरकार ने सभी सरकारी कार्यालयों का डिजिटलीकरण कर रहा है। सांसद ने बंदरगाह में स्थाई रूप से बंदरगाह के बारे में जानने वाले अधिकारियों की नियुक्ति करने, बंदरगाहों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, कन्टेनर और यात्री टर्मिनल के लिए दीर्घकालीन योजना बनाने, द्वीपसमूह के जलयानों के लिए नए ड्राई डॉक या तैरती हुई गोदी का निर्माण करने, बंदरगाहों में कामकाज एकल खिड़की के माध्यम से होने और बंदरगाहों मे कामकाज चौबीसो घंटे उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में तीन नए आपराधिक कानून लागू होने के बाद ज़ीरो एफ आई आर दर्ज किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा एक सौ तिहत्तर के तहत देश में कहीं से भी शिकायतकर्ता एफ आई आर दर्ज करा सकता है। पहली जुलाई को अबरडीन पुलिस थाने में पहली ज़ीरो एफ आई आर दर्ज की गई, जिसे पहाड़गांव पुलिस थाने से स्थानांतरित किया गया था। पहाड़गांव पुलिस थाने को एक बच्चे के साथ शारीरिक शोषण की सूचना मिली थी। रिकॉर्डिंग प्रकिया के दौरान ये पता चला कि ये घटना पहाड़गांव थाने के अधिकार क्षेत्र से बाहर है, तुरंत पहाड़गांव थाना प्रभारी ने नए आपराधिक कानून का सहारा लेते हुए ज़ीरो एफ आई आर दर्ज की और उसे तुरंत थाना अबरडीन में स्थानांतरित कर दिया गया। अबरडीन थाना प्रभारी ने मामला मिलते ही इसे नियमित एफ आई आर में तब्दील करते हुए जांच अधिकारी को नियुक्त किया।

<><><><><><>

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल ने शैक्षणिक वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए राष्ट्रीय साधन–सह–मेधा छात्रवृत्ति के लिए पंजीकरण विंडो की शुरूआत की है। शिक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि इस पोर्टल की शुरूआत एक ही बार के पंजीकरण तथा नए और नवीनीकरण छात्रवृत्तियों के आवेदन के लिए की गई है। इस वर्ष आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि इक्कतीस अगस्त है।

<><><><><><>

भारत का पहला सौर अभियान आदित्य–एल–1 अंतरिक्षयान सूर्य–पृथ्वी एल–1 प्वाइंट में अपनी पहली प्रभामंडल कक्षा की परिक्रमा पूरी कर चुका है। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो ने बताया कि कल इसके स्टेशन – कीपिंग कौशल ने दूसरी प्रभामंडल कक्षा में निर्बाध स्थानांतरण सुनिश्चित किया। आदित्य – एल–1 अभियान को दो सितम्बर, दो हजार तेईस को लॉन्च किया गया था। यह लैग्रेंजियन प्वाइंट एल 1 पर एक भारतीय सौर वेधशाला है। इसे छह जनवरी दो हजार चौबीस को इसके लक्षित प्रभामंडल कक्षा में प्रवेश कराया गया था। इसरो ने बताया कि आदित्य एल–1 अंतरिक्ष यान प्रभामंडल कक्षा में एल–1 प्वाइंट की परिक्रमा पूरी करने में एक सौ अट्ठहत्तर दिन का समय लेता है।

<><><><><><>

डीब्रेट की कौशल विकास कार्यक्रम केन्द्र में चार पहिया वाहनों की सर्विसिंग पर छः माह अवधि के पाठ्यक्रम के लिए नए बैच का प्रशिक्षण पन्द्रह जुलाई से आरंभ होगा। इच्छुक उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

उधर, इसी संस्थान में विभिन्न विभागों में अतिथि प्रवक्ताओं और अंशकालिक इंस्ट्रक्टर के पदों के लिए दस से पन्द्रह जुलाई तक सीधे साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। विवरण डीब्रेट की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

<><><><><><>

समुद्री सजावटी मत्स्य पालन के बारे में जानकारी देने के लिए मत्स्य विभाग की ओर से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मरीन हिल स्थित मत्स्य प्रशिक्षण केन्द्र में कोच्चि की केन्द्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मत्स्य सचिव विश्वेन्द्र ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने लाभार्थियों द्वारा द्वीपों में इसके लिए इकाई स्थापित करने में प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने समुद्री सजावटी मत्स्यकी के कारोबार के आर्थिक लाभ के बारे में जानकारी दी। मत्स्य निदेशक विक्रम सिंह ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत घर के पिछवाड़े मत्स्य पालन के लिए इकाई स्थापित करने के लिए दी जाने वाली वित्तीय सहयोग के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मत्स्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. के गोपाल और उप–निदेशक वी. शीज़ा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कल सम्पन्न होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल पच्चीस लाभार्थी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन राज्य चेस चैम्पियनशिप का आयोजन करेगा। तेरह और चौदह जुलाई को आई टी आई परिसर डॉलीगंज में आयोजित होने वाले इस चैम्पियनशिप के दौरान अगस्त में हरियाणा में होने वाले राष्ट्रीय चेस चैम्पियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन भी किया जाएगा। मध्योत्तर अंडमान और निकोबार ज़िले के चार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को पोर्ट ब्लेयर में रहने की निशुल्क व्यवस्था के साथ उनके आने–जाने का खर्च भी चेस एसोसिएशन वहन करेगा। वर्ष चौबीस–पच्चीस का एआईसीएफ पंजीकरण अनिवार्य है। इच्छुक खिलाड़ी अपनी प्रविष्टियां गूगल फार्म में या डेरीफार्म स्थित चेस एसोसिएशन के कार्यालय में दस जुलाई तक सुबह दस बजे से पांच बजे के बीच भेज सकते हैं।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से सरकारी ज़मीन पर कब्ज़ा किए लोगों के खिलाफ किए जा रहे कार्रवाई में बम्बूफ्लाट क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। गाराचरमा क्षेत्र में भी सरकारी ज़मीन पर किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराया गया। ज़िला उपायुक्त ने लोगों से इस तरह की कार्रवाई से दूर रहने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

वन महोत्सव मनाए जाने के सिलसिले में मध्य अंडमान वन संभाग की ओर से क्षेत्र की प्रमुख महिला नागरिकों को शामिल कर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बकुलतला के फॉरेस्ट लेबर क्लब परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में गांव की सोलह प्रमुख महिलाओं को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर संभागीय वन अधिकारी थोमस वर्गीस ने वनों के महत्व और इसके संरक्षण पर प्रकाश डाला। रंगत पंचायत समिति प्रमुख सीता मांझी और सबरी ग्राम पंचायत प्रधान मधुरा एक्का ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>